बृहस्पतिवार
04 अगस्त 2022



पृष्ठ 4
बारिश में आपका मनोरंजन भी करेंगे छाते



पृष्ठ 5
पठान में दीपिका पादुकोण का दिखा ऐक्शन अवतार



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 179
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

पाषाण के भीतर भी मधुर स्रोत होते हैं, उसमें मदिरा नहीं शीतल जल की धारा बहती है।
— जयशंकर प्रसाद

# दूनवैलीमेल

आर.एन.आई.- 59626/94
सांध्य दैनिक
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## पहाड़ पर आफत की बरसात

### ❑चारधाम यात्रा मार्ग बंद, हजारों यात्री फंसे

विशेष संवाददाता

देहरादून। पहाड़ पर मानसूनी आपदा का कहर जारी है। भारी बारिश और भूस्खलन ने जनजीवन पर ब्रेक लगा दिया है। भूस्खलन की बढ़ती घटनाओं के कारण चारधाम यात्रा मार्ग जगह-जगह बंद हो गए हैं। तथा हजारों की संख्या में यात्री जहां-तहां फंसे हुए हैं। सड़कों पर वाहनों की कतारें लगी है वही आबादी क्षेत्रों में बाढ़ और भूस्खलन का खतरा मंडरा रहा है जिससे लोगों में दहशत का माहौल है।

रुद्रप्रयाग से प्राप्त समाचार के अनुसार नरकोटा के पास पहाड़ से हुए भारी भूस्खलन से हाईवे बंद हो गया है वहीं चमोली-नंदप्रयाग मार्ग भी भूस्खलन के कारण बंद है लामबगड़ में भारी भूस्खलन हुआ है। बद्रीनाथ-केदारनाथ राजमार्ग पर कई स्थानों पर हुए भूस्खलन के कारण फिलहाल चार धाम यात्रा पर पूरी तरह ब्रेक लग गया है। गंगोत्री और यमुनोत्री मार्ग भी भूस्खलन के कारण बंद है।

उधर नैनीताल से प्राप्त समाचार के अनुसार बलिया नाला क्षेत्र में भारी भूस्खलन हुआ है प्रशासन द्वारा कई क्षेत्रों से लोगों को हटा दिया गया है तथा कई क्षेत्रों में लोगों से सुरक्षित स्थानों पर चले जाने के लिए मुनादी कराई जा रही है।

### ❑भूस्खलन की घटनाओं से नैनीताल सहमा
### ❑गणेश जोशी पहुंचे पीड़ितों से मिलने, चेक बांटे

क्षेत्र में भूस्खलन के बड़े खतरे के कारण लोग दहशत में है वही पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है। उधर पिथौरागढ़ के धारचूला क्षेत्र में भी बीते 2 दिन पूर्व हुए भारी भूस्खलन के बाद खतरा अभी टला नहीं है क्योंकि ऊपर हिस्से में कई कई मीटर चौड़ी दरारें पड़ चुकी है और पहाड़ का बड़ा हिस्सा कभी भी दरक कर नीचे गिर सकता है। बचाव राहत में जुटी टीम अभी भी बाधित पड़े पिथौरागढ़ लिपुलेख राष्ट्रीय राजमार्ग को नहीं खोल पाई है। आज बागेश्वर में एक कार के नदी में गिरने से बड़ा हादसा सामने आया जिसमें 3 लोग सवार थे। रेस्क्यू टीम ने 2 लोगों को बाहर निकाल लिया है जबकि तीसरा लापता व्यक्ति का पता नहीं चल सका।

उधर राजधानी दून में सहस्त्रधारा क्षेत्र में बीते कल देर शाम हुए भूस्खलन में 5 घर पूरी तरह तबाह हो गए हैं भले ही इस हादसे में किसी की जान न गई हो लेकिन बड़ा नुकसान हुआ है।

काबीना मंत्री गणेश जोशी ने आज मौके पर जाकर लोगों को अनुमन्य सहायता राशि के चेक दिए यहां अभी बचाव राहत कार्य जारी है। उधर रुड़की से प्राप्त समाचार के अनुसार दो युवकों के सोनाली नदी में फंसने की खबर है। जिन्हें किसी तरह रेस्क्यू कर बचा लिया गया है कोटद्वार में नाले के ओवरफ्लो होने से बड़े आबादी क्षेत्र में पानी घुस गया और घर तालाब बन गये।

## अग्निवीर बनने को उमड़ी युवाओं की भारी भीड़

### ●उत्तर प्रदेश से साढ़े चार लाख व उत्तराखंड से एक लाख से अधिक युवाओं ने किया आवेदन

विशेष संवाददाता

देहरादून। केंद्रीय रक्षा मंत्रालय द्वारा लांच की गई अग्निपथ योजना को लेकर भले ही देश भर में विपक्षी दलों के नेताओं और बेरोजगारों ने इसका प्रबल विरोध किया गया हो लेकिन अग्नि वीरों की भर्ती के लिए अब युवाओं की उमड़ती भीड़ देश में युवा बेरोजगारी की गवाही तो दे रही है साथ ही इसे लेकर किए जा रहे विरोध को भी दरकिनार करती है।

भर्ती केंद्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब तक उत्तराखंड से अग्नीपथ योजना के तहत 4 साल के लिए सेना में की जाने वाली अग्नि वीरों की इस भर्ती के लिए 1,08, 402 युवाओं द्वारा आवेदन किया गया है वहीं उत्तर प्रदेश से आवेदन करने वाले युवाओं की संख्या 4,52,906 है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के अंतर्गत लखनऊ में आने वाले भर्ती कार्यालय पिथौरागढ़, मेरठ व आगरा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 3 अगस्त रखी गई थी तथा अल्मोड़ा, बरेली और लैंसडाउन के कार्यालयों के लिए भर्ती के लिए आवेदन की तिथि 30 जुलाई थी। भर्ती कार्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से साढ़े पांच लाख से अधिक युवाओं द्वारा अग्निवीर पद पर सेना में भर्ती के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया गया है।

इतनी बड़ी संख्या में मिले आवेदनों से यह साफ हो गया है कि विपक्षी दलों द्वारा इसे लेकर जो सवाल उठाए जा रहे थे उन सभी सवालों को युवाओं ने दरकिनार कर दिया है और वह केंद्रीय रक्षा मंत्रालय की इस भर्ती योजना का हिस्सा बनने को तैयार हैं। आवेदन करने वाले अधिकांश युवाओं का कहना है कि भले ही उनके लिए यह नौकरी उन्हें पूरी संतुष्टि न देती हो लेकिन कुछ न करने से बेहतर है कि कुछ तो किया जाए? इसके साथ ही वह स्थाई कमीशन मिलने को लेकर भी

◀◀ शेष पृष्ठ 2 पर


## जस्टिस यूयू ललित बन सकते हैं भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश

नई दिल्ली। जस्टिस उदय उमेश ललित देश के अगले मुख्य न्यायाधीश बन सकते हैं। मौजूदा चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) एनवी रमण ने अगले सीजेआई के लिए जस्टिस ललित के नाम की सिफारिश कर दी है। अगर जस्टिस यूयू ललित के नाम की सिफारिश मान ली जाती है तो वह देश के 49वें सीजेआई बन जाएंगे। हालांकि उनका कार्यकाल छोटा रहेगा। वह आठ नवंबर, 2022 को सेवानिवृत्त होंगे। वहीं, मौजूदा सीजेआई एनवी रमण इस महीने ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जस्टिस ललित को 13 अगस्त 2014 को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया गया था। तब वह जाने-माने वकील थे। जस्टिस ललित तब से शीर्ष अदालत के कई ऐतिहासिक निर्णयों का हिस्सा रहे हैं। पांच जजों की संविधान पीठ ने अगस्त 2017 में 3-2 के बहुमत से तीन तलाक को असंवैधानिक घोषित कर दिया था। उन तीन जजों में जस्टिस ललित भी थे। 9 नवंबर, 1957 को जन्मे जस्टिस ललित ने जून 1983 में एक वकील के रूप में पंजीकरण कराया था और दिसंबर 1985 तक बॉम्बे हाई कोर्ट में वकालत की थी। वह जनवरी 1986 में दिल्ली आकर वकालत करने लगे और अप्रैल 2004 में उन्हें शीर्ष अदालत द्वारा एक वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया। वहीं, 2जी स्पेक्ट्रम आवंटन मामले में सुनवाई के लिए उन्हें सीबीआई का विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया गया था।

## देश में कोरोना संक्रमण से 53 और लोगों की मौत, एक दिन में आए 19893 नए मामले

नई दिल्ली । भारत में फिर धीरे-धीरे कोरोना संक्रमण के मामलों में इजाफा हो रहा हैं। एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 19,893 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,40,87,037 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,36,478 पर पहुंच गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 53 और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,26,530 हो गई। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,36,478 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.31 प्रतिशत है।



पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 579 की कमी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98. 50 प्रतिशत है।

गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

बीते 24 घंटे में दिल्ली में कोरोना के 2073 नए मामले सामने आए। आपको बताए की कोरोना संक्रमण दर दिल्ली में 11.64 प्रतिशत पर आ गई है। वहीं करीब बीते एक सप्ताह से कोरोना के नए मामलों में वृद्धि जारी है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# विकास के लिए विनाश

आमतौर पर कहा जाता है कि प्रकृति के साथ छेड़छाड़ ठीक नहीं है प्रकृति के साथ अगर तुम छेड़छाड़ करोगे तो वह तुम्हें छोड़ेगी नहीं। लेकिन विकास के लिए प्रकृति के साथ की जा रही छेड़छाड़ अविराम जारी है। यहां यह भी कहना भी कदाचित अनुचित नहीं होगा कि इस छेड़छाड़ की इंतहा हो गई है। सालों से ग्लोबल वार्मिंग का अलार्म बज रहा है लेकिन विश्व का कोई राष्ट्र इसकी आवाज सुनने को तैयार नहीं है। पहाड़ों का सीना विकास के नाम पर छलनी किया जा रहा है नदियों से अवैध अंध ाधुंध खनन हो रहा है और पेड़ों के कटान और जंगलों के सफाई की तो बात ही क्या करनी है। यहां हम उत्तराखंड में 2013 में केदारघाटी की प्राकृतिक आपदा की बात नहीं करना चाहते जिसमें हजारों की संख्या में लोग मारे गए थे। बीते कल राजधानी दून के सहस्त्रधारा क्षेत्र में देर शाम पहाड़ से मलवा आया और कई घर तबाह हो गए। इस आबादी के ऊपरी हिस्से में हो रहा निर्माण कार्य इसके लिए जिम्मेवार बताया जा रहा है। जिसे लोग अवैध बता रहे हैं। पृथक राज्य बनने के बाद राजधानी देहरादून की शक्ल सूरत पूरी तरह से बदल चुकी है पेड़ों का अंधाधुध कटान हुआ है वही नदी-नालों खालो व जंगलात की जमीन पर व्यापक स्तर पर कब्जे अवैध रूप से किए गए हैं। राज्य में आवागमन को बेहतर बनाने और कनेक्टिविटी के नाम पर जिस तरह ऑल वेदर रोड और कर्णप्रयाग ऋषिकेश रेल परियोजना के लिए पहाड़ों का सीना चीरा जा रहा है वह विकास है या विकास के लिए विनाश को आमंत्रण है यह अब चर्चा का विषय भी नहीं रह गया है। जिस राज्य ने जंगलों की सुरक्षा के लिए चिपको जैसे आंदोलन से दुनियाभर को संदेश दिया हो कि पर्यावरण और प्रकृति की सुरक्षा कितना बड़ा मुद्दा है वह अब बीते दिनों की बात हो चुकी है। अब आज का समय अपने उस विकास पर इतराने का समय है जिसमें हम कर्णप्रयाग रेलवे लाइन के 15 किलोमीटर लंबी सुरंग बनाने जा रहे हैं जो एशिया की सबसे लंबी रेलवे सुरंग होगी। ऑल वेदर रोड पर अभी कई लोग यह सवाल उठाते देखे जा सकते हैं कि इसके कारण पहाड़ों और वृक्षों का जो कटान हुआ है उससे तमाम तरह की मुश्किलें बढ़ी है। भूस्खलन, दर्जनों डेंजर जोन ऐसे बन चुके हैं कि जानलेवा साबित हो रहे हैं। प्रकृति के साथ छेड़छाड़ का नतीजा है कि राजस्थान या जो रेगिस्तान बूंद बूंद के लिए तरसता था वहां बाढ़ के हालात हैं और जहां भरपूर बारिश होती थी वह एक बूंद भी पानी नहीं है। प्रकृति के संतुलन पर समाज और राष्ट्र का संतुलन निर्भर करता है। प्रकृति का संतुलन बिगाड़ कर धरती पर कोई भी सुरक्षित रह सकता है यह संभव ही नहीं है।

# तीसरे मोर्चे की भी तैयारी है

भारत में अभी तक कोई भी आम चुनाव ऐसा नहीं हुआ है, जिसमें कोई तीसरा मोर्चा नहीं हो। हर चुनाव में दो बड़ी राष्ट्रीय पार्टियों के बीच मुकाबले में एक तीसरा मोर्चा होता है। इस बार ऐसा लग रहा था कि भाजपा के खिलाफ सभी पार्टियां एकजुट हो सकती हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। कई पार्टियां ऐसी हैं, जिनकी भाजपा से ज्यादा खुन्नस कांग्रेस पार्टी से दिख रही है। अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी ऐसी ही पार्टियों में से एक है, जिसका मकसद कांग्रेस को कमजोर करना दिख रहा है। पता नहीं अपनी किसी रणनीति के तहत सपा ऐसा कर रही है या किसी अदृश्य ताकत के कहने पर ऐसा कर रही है? सोचें, सपा एक समय में कांग्रेस की सहयोगी रही है और हमेशा दोनों पार्टियों में सद्भाव रहा है। मनमोहन सिंह की सरकार से जब वामपंथी पार्टियों ने समर्थन वापस लिया था तब सपा ने ही सरकार बचाई थी।

अब अखिलेश यादव ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के साथ मिल कर गैर भाजपा और गैर कांग्रेस पार्टियों को इकट्ठा करने की रणनीति पर बात की है। दोनों नेताओं की दिल्ली में मुलाकात हुई और कांग्रेस को छोड़ कर बाकी दलों की एकजुटता के बारे में चर्चा हुई। केसीआर की बात समझ में आती है क्योंकि तेलंगाना में कांग्रेस अब भी एक ताकत है और वह टीआरएस के वोट काट सकती है। लेकिन उत्तर प्रदेश में तो कांग्रेस कोई ताकत नहीं है! ऐसा लग रहा है कि प्रियंका गांधी वाड्रा की सक्रियता और यूपी में कांग्रेस के अकेले खड़े होने के प्रयास से अखिलेश परेशान हैं। ऐसी परेशानी हर प्रादेशिक क्षत्रप को है क्योंकि ज्यादातर प्रादेशिक पार्टियां कांग्रेस का ही वोट लेकर मजबूत हुई हैं। इसलिए जिस राज्य में भी कांग्रेस अपना संगठन मजबूत करने का प्रयास शुरू करती है, वहां का क्षत्रप नाराज हो जाता है। इन प्रादेशिक क्षत्रपों से अलग आम आदमी पार्टी की राजनीति है, जिसको हर जगह कांग्रेस की जगह लेनी है। सो, सपा से लेकर आप और टीआरएस से लेकर तृणमूल तक सब परदे के पीछे किसी तीसरे मोर्चे की रणनीति पर काम कर रहे हैं।

# माता वैष्णो देवी गुफा योग मन्दिर में हुई आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस पर विशेष पूजा अर्चना

संवाददाता

देहरादून। माता वैष्णों देवी गुफा योग मन्दिर टपकेश्वर महादेव में पंतजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण के जन्म दिवस पर विशेष पूजा अर्चना कर उनकी लम्बी आयु की कामना की।

आज यहां माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर महादेव देहरादून में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण के जन्म दिवस (जड़ी बूटी दिवस) पर विशेष पूजा अर्चना के साथ साथ यज्ञ किया गया। आचार्य बालकृष्ण की लंबी उम्र और उन्नति के लिए विशेष प्रार्थना की गई। मंदिर के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी ने कहा आयुर्वेद चिकित्सा के संरक्षण और संवर्द्धन में उनके योगदान को हमेशा स्वर्णाक्षरों में अंकित किया जायेगा। उन्होने कहा आचार्य नई पीढी के लिए प्रेरणा श्रोत हैं, हमरो स्वाभिमान ट्रस्ट के उत्तराखंड कार्यकारी अध्यक्ष राजन




बसनेत ने कहा आचार्य हमरे स्वाभिमान के प्रतीक हैं मानव मात्र के स्वास्थ्य के लिए उनके अतुलनीय योगदान के लिए हम उनका हृदय से आभार व्यक्त करते हैं और अपेक्षा करते हैं वह सैकड़ों सालों तक मानवता के लिए इसी प्रकार सेवा करते रहें। आज प्रात: दून योगपीठ देहरादून के हाथीबड़कला केंद्र में विशेष ध्यान और योग शिविर का अयोजन किया गया, योग साधकों को जड़ी बूटी के पोंध ों के वितरण के साथ साथ साथ नीम के 5 पोंधो का भी रोपण किया गया। इस अवसर पर हमरो स्वाभिमान के कार्यकारी अध्यक्ष राजन बसनेत, उमेश क्षेत्री, पदम लांबा, भूपेंद्र अधिकारी, एनबी खत्री, प्रेमिला खत्री, हेमकला खड़का, नंदा देवी, विकास थापा, देवाशीज़ बसनेत आदि मौजूद रहे।

# राहुल युवा कांग्रेस के महासचिव मनोनीत

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा व युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने राहुल सोनकर को युवा कांग्रेस का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया।

आज यहां उत्तराखण्ड युवा कांग्रेस के महासचिव मनोनीत होने पर राहुल सोनकर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा व युवा प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर का धन्यवाद किया तथा संगठन की नीतियों व सिद्धांतों को जनता के बीच ले जाकर संगठन को मजबूती प्रदान करने का संकल्प लेते हुए संगठन के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया।

उदु तिष्ठ सवित: श्रुध्यस्य हिरण्यपाणे प्रभृतावृतस्य।

व्युर्वी पृथ्वीममतिं सृजान आ नृभ्यो मर्तभोजनं सुवान:।।

ऋग्वेद ७-३८-२)

हमारे कष्टों को दूर करने वाले ईश्वर की आराधना सत्य भावना से करने से हमारी आत्मा में उसका प्रकाश प्रकट होता है। जिसने विशाल पृथ्वी आदि की रचना की है और इस संसार के नश्वर लोगों को खाद्यान्न आदि उपलब्ध कराया है, वह परमेश्वर अकेला ही उपासना के योग्य है।

Worshipping the God, who is the eliminator of our sufferings, with true spirit, manifests his light in our souls. The one who has created the vast earth, etc. and has made available foodgrains, etc. to the mortal people of this world, he alone is worthy to be worshipped. (Rig Veda 7-38-2)

# अनिश्चितकालीन धरना चौथे दिन भी जारी




संवाददाता

देहरादून। राज्य आंदोलनकारी संयुक्त मोर्चा का अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना चौथे दिन भी जारी रहा। आज शहीद स्मारक कचहरी परिसर में वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी संयुक्त मोर्चे का अनिश्चितकालीन धरना चौथे दिन भी जारी रहा।

धरने में अध्यक्ष विनोद असवाल ने कहा कि जब तक सरकार राज्य आंदोलनकारियों की मांगे पूरा नहीं करती तब तक संयुक्त मोर्चा का धरना जारी रहेगा। मुख्यमंत्री द्वारा 10 प्रतिशत क्षतिज आरक्षण का आश्वासन देने के बावजूद अभी तक शासनादेश जारी नहीं किया गया मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि 10 प्रतिशत क्षतिज आरक्षण को नए सिरे से कैबिनेट की बैठक बुलाकर 10 प्रतिशत क्षतिज आरक्षण कैबिनेट में पास किया जाए। राज्य आंदोलनकारियों को पेंशन के तौर पर जो अनुदान दिया जा रहा है राज्य आंदोलनकारियों को अनुदान नहीं पेंशन पट्टे द्वारा ही पेंशन दी जाए जल्द से जल्द पेंशन पट्टा लागू किया जाए और जमा किए गए आवेदन पत्रों का चिन्हकरण जल्द से जल्द किया जाए। अगर सरकार राज्य आंदोलनकारियों की मांगों को पूरा नहीं करती तो राज्य आंदोलनकारी सड़कों पर उतर कर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएंगे जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## अग्निवीर बनने को उमड़ी युवाओं की...

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

आशाविन्त है उनका कहना है कि योजना के अंतर्गत जैसा कहा गया है 25 प्रतिशत अग्नि वीरों को सेना में स्थाई नौकरी भी दी जाएगी उनकी सोच है कि अगर उनको स्थाई होने का मौका मिल गया तो फिर सब ठीक हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि विरोध प्रदर्शनों के बाद केंद्रीय रक्षा मंत्रालय द्वारा अग्निवीर योजना में कुछ संशोधन भी किए गए थे। वही देश में बेरोजगारी की जो विस्फोटक स्थिति है वह भी युवाओं की एक मजबूरी है कि वह कुछ भी करने को तैयार हैं। भले ही वह 4 साल की नौकरी ही क्यों न हो। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत सरकार गोरखालियों के शौर्य व पराक्रम के कारण नेपाल में भी अग्नि वीरों की भर्ती करने जा रही है जो अगस्त के अंतिम सप्ताह में होगी भारतीय सेना में अब तक 7 गोरखा रेजीमेंट हैं तथा 39 बटालियन है।



# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर निकाली जागरुकता रैली

कार्यालय संवाददाता

बेरीनाग। आजादी अमृत महोत्सव के तहत बेरीनाग बाजार में तहसील प्रशासन के द्वारा शहीद चौक से नया बाजार जवाहर तक विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों स्कूली बच्चों और स्वयंसेवकों आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा रैली निकालकर लोगों को जागरुक किया गया।

रैली में स्थानीय विधायक और ब्लाक प्रमुख विनीता बाफिला ने रैली में शिरकत करते हुए तिरंगा हमारे देश की शान है राष्ट्रीय ध्वज को 15 अगस्त तक अपने घरों में फहराये। एसडीएम अनिल कुमार शुक्ला ने कहा की 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान तक सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी अपने घरों में तिरंगा फहराये और इस अभियान में अपना सहयोग दे और सभी व्यापारियों और ग्रामीणों से अपने घरों में तीन दिनों तक तिरंगा फहराने की अपील करते हुए कहा कपड़े के बने हुए झंडे का प्रयोग करें।

विकास खंड कार्यालय में स्वयं सहायता समूह के द्वारा कपड़े के बनाये गयें झंडे है सभी ग्राम पंचायत अधिकारियों और राजस्व उप निरीक्षकों से ग्रामीणों क्षेत्रों में इस अभियान की जानकारी देते हुए लोगों को तिरंगा फहराने के प्रेरित करें। जागरूक रैली में नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी, आंगनबाड़ी आशा कार्यकर्ती, नेहरू युवा केंद्र स्वयंसेवक, युवक महिला मंगल दलों के सदस्य,गुरूकुल पब्लिक स्कूल के बच्चे मौजूद रहे।

इस मौके पर तहसीलदार दिनेश कुटौला, नायब तहसीलदार कुंदन सिंह नयाल, खंड विकास अधिकारी जीएल टम्टा,खंड शिक्षा अधिकारी तरूण पंत, डा0 प्रणव अग्रवाल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष दीपक धानिक, मंडल अध्यक्ष धीरज बिष्ट, विधायक प्रतिनिधि चारू पंत, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप महरा, पूर्व जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भंडारी, इन्द्र धानिक,स्वयंसेवक दीक्षा कार्की, निशा पंत, पूरन राम, गंगा रावत, पंकज जोशी, सुमित सहित आदि मौजूद थे।

# जीजीआई बेरीनाग में शिक्षकों के पद रिक्त, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बेरीनाग (कासं)। राजकीय आदर्श बालिका इंटर कालेज बेरीनाग में शिक्षकों आधे दर्जन पद रिक्त चल रहे हैं। जिससे परेशान छात्राओं ने एसडीएम अनिल कुमार शुक्ला से मिलकर ज्ञापन सौंपा और शिक्षको की नियुक्ति की मांग। छात्राओं ने बताया की इंटर में भौतिक विज्ञान, और इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, हिन्दी, अंग्रेजी,संस्कृत के प्रवक्ताओं पद रिक्त हैं शिक्षक अभिभावक संघ के द्वारा विज्ञान वर्ग के छात्राओं के 50रूपये और कला वर्ग में 200 फीस देकर शिक्षकों रखना पड रहा है जिससे अभिभावकों ये फीस देने में असमर्थता जताई है सरकारी स्कूल में फीस देकर छात्राओं को पढाना पड रहा है।

उन्होंने शीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की है एसडीएम ने बताया की शिक्षा विभाग के द्वारा प्रवक्ताओं की नियुक्ति की कार्रवाई की जा रही है शीघ्र नियुक्ति हो जायेगी।

# स्मैक के साथ पांच गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहनों को सीज कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायवाला थाना पुलिस ने खण्ड गांव के पास एक नैनो कार को रूकने का इशारा किया तो पुलिस को देख कार सवार कार को तेजी से भगा ले गये। पुलिस टीम ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर ही रोक लिया। कार में सवार तीन लोगों की तलाशी ली तो उनके कब्जे से 13 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम देवेन्द्र पोखरियाल उर्फ भटटी पुत्र जीत सिंह, दीपक सिंह रावत उर्फ दिया पुत्र धनपाल सिंह, शुभांकित रावत उर्फ अब्बू पुत्र नरेन्द्र सिंह रावत तीनों निवासी श्यामपुर ऋषिकेश बताया। वहीं पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने कबाडी बाजार पुल के पास से एक युवक को सात ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया जिसने अपना नाम गौरव राठी पुत्र गोविन्द निवासी नकुड सहारनपुर बताया। इसके साथ ही पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने मोटरसाईकिल सवार को छह ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। जिसने अपना नाम महफूज पुत्र दिलावर निवासी मंडावर बिजनौर बताया। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहनों को सीज कर दिया।

# राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

नगर संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस सेवा दल प्रदेश प्रवक्ता अशोक मल्होत्रा ने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल के तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर माउंट आबू राजस्थान में 1 अगस्त से 3 अगस्त 2022 तक चलाया गया। जिसमें उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश महासचिव नीरज त्यागी के नेतृत्व में उत्तराखंड सेवा दल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अजय किशोर भंडारी , महिला कांग्रेस सेवा दल की अध्यक्ष हेमा पुरोहित यंग ब्रिगेड प्रदेश सचिव सुनील शाह, नीरज अग्रवाल महानगर महासचिव रुड़की रेणु रोहिल्ला सचिव उत्तराखंड महिला कांग्रेस सेवादल द्वारा इस शिविर में भाग लिया गया।

बताया कि इस शिविर का उद्देश्य गुजरात और हिमाचल प्रदेश में होने वाले चुनाव में कांग्रेस सेवा दल की भूमिका व कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चलने वाली कन्याकुमारी से कश्मीर सखी भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस सेवा दल के भाग लेने वाले साथियों के नाम लिए गए और भविष्य में और अधिक मजबूती से कांग्रेस सेवा दल के साथी कांग्रेस की मजबूती के लिए किस तरह कार्य करेंगे यह रणनीति बनाई गई। मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी भाई देसाई द्वारा व उत्तर भारत प्रभारी डॉ अमरजीत सिंह द्वारा देश भर से आए हुए सेवादल के साथियों के प्रशिक्षण देने के कार्य किया गया।



# मेटेरियल बेचने के नाम पर ठगे 30 लाख

संवाददाता

देहरादून। मेटेरियल बेचने के नाम पर 30 लाख की ठगी करने के नाम पर कम्पनी प्रबंधक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जीएमएस रोड निवासी अरिवन्द कुमार ने बसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका मैनेज कैमिकल प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कारोबार है।

उसने जयपुर राजस्थान की कम्पनी ब्राउन एण्ड ब्लैक बायो प्राईवेट लिमिटेड के प्रबंधक भूपेन्द्र सिंह शेखावत से मेटेरियल भेजने की बात हुई थी तथा उसने भूपेन्द्र सिंह शेखावत की कम्पनी को 30 लाख 9 हजार रूपये खाते में डाल दिये थे। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी ना तो कम्पनी ने उसको मेटेरियल ही भेजा और ना ही उसके पैसे वापस किये। अब वह जब उनको फोन करता है तो उसका फोन भी नही उठाया जाता है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# शालू जैन व सरिता कोहली बनी तीज क्वीन

संवाददाता

देहरादून। एलएनएस क्लब की तरफ से आयोजित तीज कार्यक्रम में शालू जैन व सरिता कोहली ने जीता तीज क्वीन का खिताब।

आज यहां एक स्थानीय होटल में एल एन एस क्लब की तरफ से तीज का कार्यक्रम मनाया गया तीज के रंगारंग कार्यक्रम में सभी मेंबर्स ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जहां नित्य द्वारा सुमन अग्रवाल, पुष्पा भल्ला सुनीता मोहन सरिता कोहली और सिम्मी करनवाल ने सबका मन मोहा वही ढोलक की थाप पर कजरी गाई गई जिसमें क्लब की अध्यक्ष कुमकुम अग्रवाल ,आभा शर्मा ,वंदना गर्ग मीरा गुप्ता, पुष्पा भल्ला, सुमन अग्रवाल ने काजरी गा कर धूम मचा दी। कार्यक्रम का संचालन कमेटी चेयर पर्सन मीनाक्षी अग्रवाल और मिथिलश ने किया और कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए इस बीच हमारी चेयर पर्सन किरन गोयल भी मौजूद रहीं। अंत में तीज क्वीन प्रतियोगिता हुई जिसमें में प्रथम शालू जैन, सरिता कोहली रही में प्रथम पुष्पा भल्ला, द्वितीय पद्मनी जोशी, गेस्ट में प्रथम अमिता सिंह, द्वितीय राखी अग्रवाल , तृतीय मल्लिका, नृत्य प्रतियोगिता प्रथम रीना, द्वितीय सिम्मी अग्रवाल, सभा में क्लब की प्रेसिडेंट कुमकुम अग्रवाल, सचिव अनुराधा गर्ग, और कोषाध्यक्ष गुरमीत कौर ने पूरे प्रोग्राम को सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग दिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। उपस्थित मेंबर्स के सहयोग से कार्यक्रम को कुशल पूर्वक संपन्न कर कार्यक्रम की समाप्ति की गई।



# बरसाली क्षेत्र की चार सड़कें पास होने की संस्तुति जारी

संवाददाता

उत्तरकाशी। संघर्ष में ही सफलता है! जी हाँ क्षेत्रवासियों के लंबे संघर्ष के बाद उत्तरकाशी जिले के डुंडा विकास खंड के बरसाली क्षेत्र की 4 सड़कों को आरटीओ ने एक साथ पास करने की संस्तुति जारी कर दी है। यह उन विपक्षी दलों के मुँह पर तमाचा है जो 60 साल सत्ता में रहने के बावजूद कहते थे कि कुछ नहीं हो सकता।

बीजेपी नेता लोकेन्द्र सिंह बिष्ट ने 27 जून 2022 को एक प्रतिनिधिमंडल के साथ जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला से मिलकर बरसाली क्षेत्र की सड़कों को आरटीओ से पास करने की मांग की गयी थी। जिनमें नाकुरी मॉंगलिसेरा कुंसी बरसाली मोटर मार्ग, नाकुरी सिंगोट मोटर मार्ग, नाकुरी जसपुर पाव मोटर मार्ग व नाकुरी सिंगोट मार्ग शामिल है।


बताया जा रहा है कि 27 जून 2022 को जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने क्षेत्रवासियों की मांग पर उक्त चारों मोटर मार्गों को आरटीओ से पास कराने के निर्देश दिए थे।

जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने तत्परता से संबंधित को निर्देशित किया तो विभाग भी हरकत में आ गया और आरटीओ ने चारों मोटर मार्गों के सयुंक्त निरीक्षण के लिए संबंधित विभागों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया और 30 जुलाई 2022 को प्र. संभागीय परिवहन अधिकारी उत्तरकाशी ने उक्त चारों मोटर मार्ग को आरटीओ पास होने का आदेश जारी कर दिया। साथ मे ये भी निर्देश जारी किए हैं कि चारों मोटर मार्ग पर जो तकनीकी खामियाँ हैं उन्हें तत्काल ठीक किया जाय। बरसाली क्षेत्र की चार सड़कों को एक साथ आरटीओ से पास होने पर बीजेपी नेता लोकेन्द्र सिंह बिष्ट व क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।



# भजन गायकी में उभरकर सामने आये विशाल गौड

## ❑अपने पहले भजन में ही छोड़ी जबरदस्त छाप




कार्यालय संवाददाता

ऋषिकेश। तीर्थ नगरी ऋषिकेश में भजन गायकी के क्षेत्र में उभरकर सामने आयें हैं विशाल गौड। उनके पहले वीडियो भजन तेरे दर्शन को हम आयेंगे को श्रोताओं द्वारा बेहद पंसद किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त धार्मिक एवं पर्यटन नगरी ऋषिकेश के युवाओं ने हर क्षेत्र में अपनी धूम मचा रखी है। बात यदि भजन गायकी की करें तो हरिधाम कालोनी वीरभद्र क्षेत्र में रहने वाले विशाल गौड ने भी अपना नाम उन देवभूमि के उन टेलेंटेड भजन गायकों में करा लिया है जिनकी आवाज में वो कशिश और मधुरता है जो किसी को भी उनका मुरीद बना सकती है।अपने प्रथम वीडियो भजन के बारे में विशाल ने बताया कि कोरोनाकाल में दो वर्ष से सभी धार्मिक यात्राओं पर प्रतिबंध था। देवो के देव महादेव के भक्त भी शिवधाम में बाबा के दर्शन नही कर पाने की वजह से मायूस थे। इसी के ताने बाने को बुनकर तेरे दर्शन को हम आयेगें भजन तैयार किया गया है। उन्होंने बताया भजन के बोल अनुराज पॉल ने तैयार किए हैं जबकि उसे खूबसूरत संगीत से तराशा है ए के आर प्रोडक्शन के अनुज ने।उभरते हुए भजन गायक विशाल गौड के मुताबिक भजन गायकी की प्रेरणा उन्हें गुरुदेव नामचीन पंकज सुहास जी व तीर्थ नगरी के विख्यात सिंगर व भजन गायक धीरज चतरथ से मिली है । उनकी प्रेरणा के चलते ही उन्होंने भजन गायकी के क्षेत्र में कदम रखा है। उनकी कोशिश रहेगी कि भजन गायकी के क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ सकें जिसके लिए वह लगातार अपनी कोशिश भी कर रहे हैं। विशाल गौड़ के भजन तेरे दर्शन को हम आयेंगे को बड़े ही प्रसिद्ध सिंगर कुमार विशू जी ने भी सराहा है और उन्हें अपना आशीर्वाद दिया है।

## चरस के साथ दो गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने चरस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजपुर थाना पुलिस ने काठ बंगले के पास एक मोटरसाईकिल सवार को रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 105 ग्राम चरस बरामद कर ली। वहीं सहसपुर थाना पुलिस ने हिन्दूवाला स्थित खाली प्लाट से एक व्यक्ति को 223 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम फुरकान पुत्र सददीक निवासी ढाकी सहसपुर बताया।

# तीन माह के बच्चे को बुलन्दशहर से किया बरामद, महिला सहित दो गिरफ्तार

ऊधमसिंह नगर (सं)। किच्छा से तीन माह के बच्चे का अपहरण करने वाली महिला को पुलिस ने उसके साथी के साथ बुलन्दशहर से गिरफ्तार कर बच्चे को सकुशल परिवार को सौंपा आज यहां इसकी जानकारी देते हुए एसएसपी उधमसिंह नगर मंजूनाथ टीसी ने बताया कि किच्छा से तीन माह के बच्चे के अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे चैक किये तो पता चला कि अपहरण करने वाली एक महिला है जिसका नाम ज्योति बताया गया। ज्योति के बारे में  जानकारी जुटायी गयी। ज्योति को एक युवक के साथ देखा गया था जिसका नाम सूरज निवासी राजनरला बहेडी बरेली बताया गया। सूरज की तलाश की गयी तो पता चला कि वर्तमान में सूरज उत्तर प्रदेश के अनूपशहर जिला बुलन्दशहर में रह रहा है। जिसके बाद पुलिस व एसओजी की टीम को बुलन्दशहर भेजा गया जहां से बच्चे को सकुशल बरामद कर महिला व पुरूष को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने बताया कि यह मामला मानव तस्करी का माना जा रहा है महिला बच्चे को बेचने के लिए ले गयी थी। महिला ने पूछताछ में अपने आपको बंगाल का बताया लेकिन वह कोई ठोस सबूत नहीं दिखा सकी जिससे उसका बंगाल का होना प्रतीत हो। महिला किच्छा में रहकर लोगों से फ्रांड करती थी तथा एक सोची समझी योजना के तहत बच्चे के पडोस में किराये पर रहने आयी थी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# बारिश में आपका मनोरंजन भी करेंगे छाते

बारिश के मौसम में छाता जरूरी चीज बन जाता है। बाजार में भी छाते की कई वरायटी मौजूद हैं। इनमें पैदल चलने से लेकर बाइक और कार में इस्तेमाल करने वाले छाते शामिल हैं। कई छाते तो इतने हाईटेक हैं जो बारिश में आपका मनोरंजन भी करेंगे। एक नजर ऐसे ही कुछ छातों पर:

7 टेक ब्लूटूथ स्पीकर कॉम्पैक्ट अंब्रेला : इस छाते के हैंडल में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी वाला स्पीकर दिया है।

इसे फोन से कनेक्ट करके बारिश में घूमने का मजा लिया जा सकता है। वॉल्यूम को कंट्रोल करने के लिए बटन दिए हैं। वहीं, गाने भी हैंडल से ही चेंज किए जा सकते हैं। इसमें माइक्रो एसडी कार्ड लगाकर भी म्यूजिक का मजा लिया जा सकता है।



न्यूब्रेला हैंडफ्री अंब्रेला: न्यूब्रेला ब्रैंड का ये हैंडफ्री छाता बेहद स्टाइलिश है। इसे बैग की तरह पहना जाता है। फिर इसमें दी गई छतरी को सिर के ऊपर खोल लिया जाता है। टू-वीलर ड्राइविंग के दौरान भी इसे पहना जा सकता है।

कैंडी सेल्फी रॉड ब्लूटूथ अंब्रेला: इसमें ब्लूटूथ कनेक्टिविटी है। जो स्टिक दी गई है उसे सेल्फी स्टिक की तरह भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें क्लिप दी गई है जिसमें फोन को फिक्स करके फोटो खींच सकते हैं। छाते के अंदर 3डी प्रिंट वाला फ्लोरल डिजाइन दिया है, जिससे ऐसा लगता है कि एक बड़ा सा फूल छाते में फंसा है।

फिशिंग कैप अंब्रेला: इस तरह के छाते का इस्तेमाल धूप से बचने के लिए किया जाता है, क्योंकि इसका साइज छोटा होता है। ऐसे में ये बारिश से पूरी तरह नहीं बचा सकता। इनकी खास बात है कि ये सिर में फिक्स हो जाते हैं। जिससे दोनों हाथ फ्री रहते हैं।

9 फुट लंबा छाता : ये छाता 9 फुट लंबा है। इसका लंबा हैंडल फोल्डेबल है। साथ ही, इसे अलग-अलग डायरेक्शन के हिसाब से घुमाया भी जा सकता है यानी बारिश हवा के साथ तिरछी आ रही है, तब आप छतरी की पोजिशन बदल सकते हैं वैसे, धूप में भी ये आपको पूरा प्रटेक्शन देता है। यह इतना बड़ा है कि 5 से 6 लोग इसमें आसानी से छिप सकते हैं। छाते में 24 एलईडी लाइट्स हैं, जो इसे खास बनाती हैं। ये लाइट्स छाता में चारों तरफ लगी हुई हैं।

# सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं नेहा मलिक

भोजपुरी की जानी मानी एक्ट्रेस नेहा मलिक आज देखते ही देखते ही सोशल मीडिया सेंसेशन बन चुकी हैं. वह अपने चाहने वालों के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. उनका इंस्टाग्राम अकाउंट नेहा के बोल्ड और हॉट फोटोशूट्स से भरा हुआ है. अब नेहा ने फिर से अपने बोल्ड लुक्स से लोगों के होश उड़ा दिए हैं. एक्ट्रेस ने फैंस के दिलों की धड़कन को बढ़ाते हुए फिर से अपना बोल्ड लुक शेयर किया है. इनमें उन्हें ब्लैक ब्रालेट और मिनी स्कर्ट पहने देखा जा सकता है. इसके साथ उन्होंने ओपन शर्ट पेयर की है.

नेहा मलिक का परिचय देने की जरूरत नहीं रह गई हैं. बेशक नेहा अपने अभिनय से इंडस्ट्री में कोई खास मुकाम हासिल न कर पाई हो, लेकिन उनकी अदाओं ने हमेशा ही लोगों का ध्यान उनकी ओर खींचा है. ऐसे में नेहा लोगों के बीच अलग पहचान रखती हैं. लोग उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं. नेहा ने पिछले कई दिनों से अपने फोटोशूट्स से इंटरनेट पर तहलका मचाया हुआ है. चाहे वह ट्रेडिशनल हो या वेस्टर्न नेहा हर लुक में खूबसूरत लगती हैं.

लेटेस्ट फोटोशूट में नेहा ने एक बार फिर से बोल्डनेस की हदें पार कर दी हैं. तस्वीरों में नेहा शर्ट के बटन खोल अपना क्लीवेज फ्लॉन्ट कर रही हैं.

इस लुक को नेहा ने लाइट मेकअप के साथ रेड लिपस्टिक के साथ कंप्लीट किया है. इसके साथ नेहा ने बालों को कर्ल कर खुला छोड़ा हुआ है. यहां वह सोफे पर लेट अलग-अलग पोज दे रही हैं. इन तस्वीरों में इतनी बोल्ड लग रही हैं कि उन पर से लोगों के लिए नजरें हटाना मुश्किल हो गया है.

नेहा मलिक की अदाओं से नहीं हटेंगी नजरें

इस लुक में नेहा काफी हॉट लग रही हैं. यहां उनकी अदाएं किसी को भी मदहोश करने के लिए काफी हैं. अब नेहा की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. कुछ ही देर में नेहा के लुक को लाखों लाइक्स मिल चुके हैं. वहीं, फैंस उन्हें हॉट और बोल्ड बताते हुए लगातार कमेंट कर रहे हैं.

## शब्द सामर्थ्य -15

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| 8 | | | ■ | 9 | | | | ■ |
| 10 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ | 11 |
| | ■ | 12 | | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | 15 | ■ | | ■ | 16 | 17 | | |
| ■ | | ■ | 18 | | | | ■ | ■ |
| 19 | | | | ■ | | ■ | 20 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 14 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

# आगामी 14 अगस्त को होगा प्रथम 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' कार्यक्रम आयोजित



देहरादून (कासं)। उत्तरांचल पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव घई ने विभाजन के बाद उत्तराखंड में बसे सभी परिवारों की तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 14 अगस्त, जिस दिन भारत विभाजित हुआ को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने की घोषणा करके युगो युगो तक हमारे बुजुर्गों के द्वारा दी गई कुरबानियों को "राष्ट्रीय मान्यता एवं सम्मान " दिया जिससे हम शहीद हुए बुजुर्गों के वारिसों को गौरव प्रदान किया है ।

उत्तरांचल प्रेस क्लब देहरादून में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि इस वर्ष 14 अगस्त 2022 को प्रथम "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस" पर हमारी संस्था उत्तरांचल पंजाबी महासभा रूद्रपुर में प्रदेश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में कार्यक्रम कर रही है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृश्य उपस्थिति के रूप में रहने की पूर्ण सम्भावना है। उन्होंने अवगत किया की इस कार्यक्रम के आयोजन के लिये शिव अरोरा विधायक रूद्रपुर को इस कार्यक्रम का संयोजक बनाया गया है। बताया की इस कार्यक्रम में बँटवारे के समय कत्लेआम में शहीद हुए दस लाख से अधिक सच्चे देशभक्त हमारे बुजुर्ग जिन्होंने हिन्दू व हिंदुस्तानी रहने के लिये अपनी कुर्बानी दी। उन बुजुर्गों में से बहुतों को अंतिम चिता में अग्नि भी नसीब ना हो सकी। ऐसे बुजुर्गों की आत्मशांति के लिये इस कार्यक्रम में किये जा रहे हवन में आहुति दे कर व उनकी आत्मा की शांति के लिये अरदास करते हुए हम सब उनके वारिस उन्हें श्रद्धांजलि प्रेषित करेंगे।

उन्होंने अवगत किया की 1947 मजहबी बँटवारे में हमारे करोड़ों बुजुर्ग अपना अपना सब कुछ छोड़ कर देश के कोने कोने अपने तीन कपड़े में शरणार्थी कहलाते हुए बसे। देशप्रेम की भावनाओं के साथ मेहनत एवं मशक्कत करके आज हर क्षेत्र में अपनी ऊँची पहचान बनाई है। श्री घई ने अवगत किया उत्तराखंड में भी हमारे बुजुर्गो ने आ कर विकास में अहम् भूमिका निभाई ओर आज हमें सिर ऊँचा रख कर भाईचारे के साथ प्रदेश व देश के लिये समर्पित रहने की शिक्षा दी।

इस कार्यक्रम के अवसर पर प्रदेश में रह रहे सभी 75 वर्ष से अधिक उम्र वाले बुजुर्ग जिनका जन्म अविभाजित भारत (अब पाकिस्तान) में हुआ था ऐसे प्रदेश के सभी बुजुर्गो को "१९४७ विभाजन विभीषिका सेनानी" सम्मान से अलंकृत किया जायेगा। विधायक सविता कपूर ने कहाँ की विभाजन में पीढ़ित बुजुर्गों के सभी वारिसों की जिम्मेदारी सभी अपने परिवार अपने गाँव, कष्बे व शहर में रह रहे आदरणीय बुजुर्गो का विवरण अनुसार एकत्रित कर उत्तरांचल पंजाबी महासभा के किसी भी पदाधिकारी के माध्यम से दिनांक 8 अगस्त तक अवश्य भेजे।

गढ़वाल प्रभारी आनन्द ने कहा की बुजुर्गो को सम्मान देने वाले इस कार्यक्रम में सभी की सक्रिय सहयोग देकर अपने बुजुर्गो को हम सब की तरफ से सच्ची श्रद्धांजलि होगी व बुजुर्गो का सम्मान देने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर प्रवीण सेठी, डॉ प्रेम कश्यप, अमरजीत सिंह कुकरेजा, मनु कोछर, अरुण सूद, गुरपाल सिंह, युवा अध्यक्ष देहरादून,गुरमीत जयसवाल अमित भाटिया, अरुण खरबंदा, विजय तुली, रवि अरोरा, अनिता, बबिता प्रेमनगर, संदीप नागपल आदि बहुत से पदाधिकारी उपस्थित थे।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# पठान में दीपिका पादुकोण का दिखा ऐक्शन अवतार



शाहरुख खान की फिल्म पठान का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। करीब तीन साल बाद यह शाहरुख की पहली फिल्म होगी। फिल्म को लेकर नए-नए अपडेट्स अकसर चर्चा में रहते हैं। पठान में दीपिका पादुकोण शाहरुख खान के साथ नजर आएंगी। अब दीपिका का पहला लुक भी सामने आ गया है। वाईआरएफ ने एक मोशन पोस्टर के जरिए दीपिका का फर्स्ट लुक जारी किया है जिसमें बंदूक थामें दीपिका का तेज-तर्रार अंदाज नजर आ रहा है।

इस पोस्टर से साफ है कि पठान में दीपिका का ऐक्शन अवतार देखने को मिलेगा। ब्लैक थीम के इस पोस्टर में उनका लुक और इंटेंस नजर आता है। इस पोस्टर काले बैकग्राउंड में दीपिका को बंदूक थामे दिखाया गया है। उनके हाथों में लगा नेलपेंट भी काला है। वहीं, उनके माथे से खून निकल रहा है। इस तरह के अंदाज में दीपिका पहले किसी फिल्म में नजर नहीं आई हैं। उनका ऐक्शन अवतार देखने के लिए प्रशंसक उत्सुक हैं।

पहले शाहरुख और अब दीपिका के लुक से साफ है कि फिल्म में जबरदस्त ऐक्शन देखने को मिलेगा। खलनायक के किरदार में जॉन अब्राहम पर्दे पर शाहरुख से भिड़ते दिखेंगे। जॉन और शाहरुख की भिड़ंत दर्शकों के लिए दिलचस्प होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म के लिए खुद को ढालने के लिए शाहरुख ने दो साल की कड़ी ट्रेनिंग की है। उन्होंने कठिन वर्कआउट के साथ ही कड़े डायट प्लान का भी पालन किया है।

यह फिल्म 25 जनवरी को रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण यशराज फिल्म्स कर रहा है। फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। शाहरुख और दीपिका की साथ में यह चौथी फिल्म है। दीपिका ने शाहरुख की ओम शांति ओम से अपना डेब्यू किया था। रिपोर्ट्स के अनुसार यह फिल्म करीब २०० करोड़ रुपये में बनी है। फिल्म में बॉलीवुड का सबसे बड़ा क्लाइमैक्स सीन दिखाई देगा। इसे दुनिया की सबसे ऊंची बिल्डिंग बुर्ज खलीफा पर शूट किया गया है।

फिल्म में सलमान खान गेस्ट अपीयरेंस में नजर आएंगे।

# ठंडे बस्ते में नहीं गई शनाया कपूर की डेब्यू फिल्म बेधड़क

करण जौहर नए चेहरों को मौका देने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने इसी साल अपनी फिल्म बेधड़क का ऐलान किया था। इस फिल्म से अभिनेता संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर डेब्यू करने वाली हैं। हाल में ऐसी खबरें आई थीं कि इस फिल्म को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। अब मेकर्स ने तमाम अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा कि इस प्रोजेक्ट पर काम बंद नहीं किया गया है। इसकी शूटिंग अगले साल शुरू होगी।

मेकर्स ने इस संबंध में एक आधिकारिक बयान जारी किया है। फिलहाल फिल्म के कलाकार स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं और फिल्म के लिए वर्कशॉप कर रहे हैं। समीक्षक रमेश बाला ने ट्विटर पर फिल्म के प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के उलट बेधड़क की शूटिंग अगले साल की शुरुआत में शुरू होगी। करण और धर्मा प्रोडक्शंस इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्साहित हैं।

कुछ रिपोर्ट्स में बताया गया था कि करण की इस फिल्म को अनिश्तिकाल के लिए टाल दिया गया है। ऐसी चर्चा चली थी कि करण अपने किसी अन्य प्रोजेक्ट में शनाया को लॉन्च कर सकते हैं। खैर अब इन तमाम कयासों पर विराम लग गया है। इससे पहले भी करण की फिल्म दोस्ताना 2 के पोस्टपोन होने की खबरें आई थीं। उनकी एक और बड़े बजट की फिल्म तख्त के प्रोजेक्ट को लेकर भी ऐसी ही जानकारी सामने आई थी।

शनाया के अलावा करण जिन दो नए चेहरों को मौका देंगे, उनमें एक हैं लक्ष्य लालवानी और दूसरे हैं गुरफतेह पीरजादा। फिल्म की कहानी शहरी लव ट्राएंगल पर आधारित होगी। इसका मतलब है कि फिल्म में शनाया, गुरफतेह और लक्ष्य रोमांस का छौंक लगाएंगे। इस फिल्म का निर्देशन जाने-माने फिल्ममेकर शशांक खेतान करेंगे। अभी इस फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है। इस फिल्म को बड़े पैमाने पर बनाया जाएगा।

फिल्मों में डेब्यू करने से पहले शनाया जाह्नवी कपूर की फिल्म गुंजन सक्सेना-द कारगिल गर्ल की सहायक निर्देशक की भूमिका में काम कर चुकी हैं। इससे पहले वह अपनी मां महीप कपूर की नेटफ्लिक्स सीरीज फेबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स में स्पेशल अपीयरेंस में नजर आ चुकी हैं। शनाया के पिता संजय ने कहा था कि उनकी बेटी शनाया बॉलीवुड फिल्मों में डेब्यू करने के लिए बिल्कुल तैयार है, केवल उन्हें एक अच्छे प्रोजेक्ट की तलाश है।

करण को बॉलीवुड की लॉन्चिंग मशीन कहा जाता है। स्टूडेंट ऑफ द ईयर में उन्होंने सिद्धार्थ मल्होत्रा, वरुण धवन और आलिया भट्ट यानी एकसाथ तीन नए चेहरों को लॉन्च किया। उन्होंने अनन्या पांडे, तारा और जाह्नवी कपूर को भी बॉलीवुड में ब्रेक दिया।

# विद्युत जामवाल की कमांडो फ्रेंचाइजी वेब सीरीज के रूप में होगी तब्दील

विद्युत जामवाल को बॉलीवुड के एक्शन अभिनेता के तौर पर जाना जाता है। उनकी इस छवि को गढ़ने में कमांडो फ्रेंचाइजी की फिल्मों का बड़ा योगदान रहा है। इस फ्रेंचाइजी की अब तक तीन फिल्में आ चुकी हैं। इन सभी फिल्मों पर दर्शकों ने दिल खोलकर अपना प्यार बरसाया। अब सुनने में आ रहा है कि इस फ्रेंचाइजी को वेब सीरीज के रूप में विकसित किया जाएगा। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, विद्युत की कमांडो फ्रेंचाइजी वेब सीरीज के रूप में विकसित होगी। सूत्र ने बताया कि प्रोड्यूसर विपुल अमृतलाल शाह ने इसे वेब सीरीज के रूप में लाने की तैयारी कर ली है। यह पहली बार हो रहा है, जब कोई फिल्म फ्रेंचाइजी को वेब सीरीज के रूप में ओटीटी पर लाने की कवायद की जा रही है। उम्मीद है कि इस फ्रेंचाइजी के डिजिटल संस्करण में भी एक्शन का भरपूर डोज होगा।

खबरों की मानें तो कमांडो फ्रेंचाइजी को वेब सीरीज के रूप में डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। एक सूत्र ने कहा, विपुल शाह कमांडो की समानांतर किश्तों को एक वेब सीरीज के प्रारूप में रिलीज करेंगे। यह फिल्म निर्माता द्वारा उठाए गए सबसे साहसिक कदमों में से एक है। उनकी वेब सीरीज ह्यूमन और फिल्म सनक को भी ओटीटी पर अच्छी-खासी प्रतिक्रिया मिली। यही वजह है कि इस प्रोजेक्ट के प्रति उनका उत्साह बढ़ा हुआ है।

फिलहाल इस संबंध में जानकारी सामने नहीं आई है कि ओटीटी पर कमांडो फ्रेंचाइजी की स्टारकास्ट क्या होगी। खैर यह अपने तरह का एक अनूठा प्रयोग होगा। कमांडो सीरीज की पहली फिल्म २०13 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन दिलीप घोष ने किया था। कमांडो 2 २०17 में रिलीज हुई थी और इसके निर्देशक थे देवेन भोजानी। इसकी अंतिम किस्त कमांडो 3 २०19 में बड़े पर्दे पर आई थी। इसका निर्देशन आदित्य दत्त ने किया था।

विद्युत जल्द ही राजपूत नेता शेर सिंह राणा की बायोपिक में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। इस साल मार्च में उन्होंने इसका ऐलान किया था। श्री नारायण सिंह इस फिल्म के निर्देशक हैं। उन्होंने कमांडो 3 के निर्देशक आदित्य दत्त के साथ फिर हाथ मिलाया है।

विद्युत इस फिल्म के प्रोडक्शन का काम भी संभालने वाले हैं। वह अपने होम प्रोडक्शन में बन रही पहली फिल्म आईबी 71 को लेकर भी सुर्खियों में हैं। इसमें उनके साथ अनुपम खेर नजर आएंगे।

# श्रीलंका में राजनैतिक संकट

अजय दीक्षित

श्रीलंका की अर्थव्यवस्था इस समय तबाही के दौर से गुजर रही है। इस बड़े आर्थिक संकट के कारण श्रीलंका में जहां एक तरफ खाने-पीने की चीजों की भी कमी हो गई है, वहीं दूसरी तरफ लोगों के विरोध प्रदर्शन के चलते राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे भी अपना आवास छोड़कर भाग चुके हैं। साथ ही प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने भी औपचारिक रूप से अपना इस्तीफा दे दिया है। इस तबाही के एक नहीं, अनेक कारण हैं। श्रीलंका की कुल अर्थव्यवस्था में उसके टूरिज्म सेक्टर का योगदान 1० प्रतिशत था, लेकिन कोरोना महामारी के चलते लगी पाबन्दियों ने श्रीलंका के टूरिज्म सेक्टर को बर्बाद कर दिया। इससे श्रीलंका को काफी नुकसान हुआ। दूसरा, श्रीलंका की सरकार ने ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक दम से फर्टिलाइजर्स बैन करके 1०० फीसदी ऑर्गेनिक खेती करने का निर्णय लिया। इससे श्रीलंका में कृषि प्रोडक्शन आधा रह गया, जिस कारण श्रीलंका में चावल-चीनी सहित अन्य चीजों की भारी किल्लत हो गई। तीसरा, श्रीलंका ने पिछले कुछ समय में भारत, जापान, चीन सहित अन्य देशों से भारी कर्ज लिया, लेकिन इस कर्ज का सही उपयोग नहीं किया। भारी-भरकम कर्ज के चलते श्रीलंका की अर्थव्यवस्था पर ब्याज और किस्त का भारी दबाव पड़ा। इस कारण श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भण्डार कम हो गया और वह जरूरत की चीजों का भी आयात नहीं कर पा रहा है। चौथा, श्रीलंका की सरकार ने साल 2०19 में लोगों को राहत देते हुये टैक्स में कटौती की थी। इस कारण सरकार की आय में 3० प्रतिशत की गिरावट आई, जिससे देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई। पांचवां, श्रीलंका में पिछले करीब 2 दशकों से राजपक्षे परिवार का दबदबा रहा है। राजपक्षे परिवार पर आरोप है कि इन्होंने विदेशों से लिये गये कर्ज को देश के लिए इस्तेमाल करने की बजाय अपने निजी हित के लिए इस्तेमाल किया। श्रीलंका में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, वित्तमंत्री, सिंचाई मंत्री, युवा एवं खेल मंत्री, सभी राजपक्षे परिवार से ही आते हैं। इन सभी पर भ्रष्टाचार करने के आरोप लग रहे हैं। आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका के लोग अब आक्रामक हो चुके हैं। कुछ दिन पहले करीब हजारों लोगों ने राष्ट्रपति आवास और प्रधानमंत्री के घर को निशाना बनाया। वहां के स्वीमिंग पूल में नहाए, खाना खाते हुए सेल्फी ली, इन तस्वीरों को पूरी दुनिया ने देखा। मई के महीने में प्रधानमंत्री का पदभार संभालने वाले रानिल विक्रमसिंघे ने कहा था कि श्रीलंका की अर्थव्यवस्था बुरी तरह कर्ज के बोझ में दब गई है। इस समय श्रीलंका अब अपने पड़ोसी देश भारत, चीन और अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से मदद की गुहार लगा रहा है। इस संकट को न संभाल पाने की वजह से श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे और प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे दोनों ने इस्तीफा देने का फैसला कर लिया है। जानकारी के मुताबिक 13 जुलाई को राष्ट्रपति अपना इस्तीफा देंगे। श्रीलंका की हालत इतनी बुरी हो चुकी है कि लोगों को दो वक्त की रोटी नसीब नहीं हो रही। ईंधन के लिए कई घण्टों तक कतार में खड़ा होना पड़ता है। सरकार पर करीब 51 बिलियन डॉलर का कर्ज है। श्रीलंका इसका ब्याज चुकाने में असमर्थ है, मूलधन की बात तो छोड़ ही दी जाए। पर्यटन जो अर्थव्यवस्था के विकास में एक अहम भूमिका निभाता है, वह भी 2०19 में हुये आतंकी हमले के बाद सुरक्षा की चिन्ता और कोरोना की वजह से धराशायी हो चुका है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक अर्थशास्त्रियों का कहना है कि संकट की वजह सालों का कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार है। जनता का सारा आक्रोश राष्ट्रपति राजपक्षे और उनके भाई, पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे पर फूटा। बाद में मई में जब आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा था तो इस्तीफा दे दिया गया था। हालात कई सालों से खराब हो रहे थे। 2०19 में चर्चा और होटलों में - ईस्टर आत्मघाती बम विस्फोटों में करीब 26० से ज्यादा लोगों ने जान गंवाई। इस समय दुनिया के कई देशों की अर्थव्यवस्था डूबने के कगार पर है। चीन के कर्ज ने कई देशों की अर्थव्यवस्था को बरी तरह से अपने शिकंजे में दबोच लिया है। ऐसे में वहां की स्थिति भी श्रीलंका जैसी दुखद और गम्भीर हो सकती है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के कई उभरते बाजारों और विकासशील देशों की इकॉनोमी पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। इसकी वजह कुछ और नहीं बल्कि इन देशों का विदेशी कर्ज न चुका पाना है। इसी कर्ज की वजह से श्रीलंका तो लम्बे समय से आर्थिक अस्थिरता से ग्रस्त रहा है। अरबों-खरबों रुपयों की देनदारी के संकट से गुजर रहे देशों में श्रीलंका पहला ऐसा देश था जिसने इस साल 2०22 में अपने विदेशी बॉण्डधारकों का भुगतान बन्द कर दिया था। ये फैसला इसलिए हुआ होगा क्योंकि यहां के राजनेताओं ने देश में खाने पीने के सामान की कमी के साथ लगातार गहरा रहे ईंधन के संकट का अंदाजा लगा लिया होगा।

# 40 छात्रों को टीसी नहीं दिए जाने के मामले ने तूल पकड़ा

मुनस्यारी (सं)। राजकीय इंटर कालेज मुनस्यारी में पहले तो विद्यालय ने नियम को ताक में रखकर खुद टैबलेट खरीद कर छात्रों को बांट दिया। अब खाते से टैबलेट के रुपए वापस लाने पर ही टीसी देने का फरमान जारी कर विद्यालय प्रशासन अपने ही जाल में फंस गया है। जिपंस जगत मर्तोलिया ने मुख्य शिक्षा अधिकारी से टीसी के मामले में शिकायत की, तब ये टैबलेट घोटाला का जिन्न बाहर निकला।

शहीद त्रिलोक सिंह पांगती राजकीय इंटर कालेज में इंटर फाइनल के 40 छात्रों को टीसी नहीं दिए जाने के मामले ने आज तूल पकड़ लिया। पता चला कि टैबलेट का रुपए जमा नहीं करने पर प्रधानाचार्य द्वारा टीसी नहीं दी जा रही थी। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया को क्षेत्र पंचायत सदस्य विक्की दरियाल ने इसकी जानकारी दी। 40 छात्रों को टीसी नहीं मिलने के कारण उनके अभिभावक परेशान हो गए। क्षेत्र पंचायत सदस्य दरियाल आज इंटर कालेज पहुंचे तो प्रधानाचार्य ने बताया कि खाते में रुपया नहीं आया है। छात्रों को विद्यालय से टैबलेट खरीद कर दिए गए है। टैबलेट के रुपए लौटाने पर ही टीसी दी जाएगी।

घंटों तक बहस के बाद भी मामले का हल नहीं निकलने पर दरियाल ने जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया को पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी जुकरियां को पिथौरागढ़ फोन कर जानकारी दी। सीईओ ने विद्यालय द्वारा टैबलेट खरीद कर दिए जाने पर आश्चर्य व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि टैबलेट के रुपए खाते में डालने के नियम थे। उन्होंने कहा कि यह गंभीर वित्तीय अनियमिता, धोखाधड़ी का गंभीर मामला है। इसकी जांच की जाएगी। जिपंस जगत मर्तोलिया ने कहा कि टैबलेट खरीदने का अधिकार किसने दिया, अगर यह नियम विरुद्ध है तो जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि यह मामला तो टीसी नहीं दिए जाने के कारण पकड़ में आ गया है। जिले के साथ साथ प्रदेश के किन विद्यालयों में इस तरह का जघन्य अपराध किया गया है। इसकी जांच एसआईटी को तत्काल सौपी जाय। उन्होंने कहा कि दो दिन में 40 बच्चों को टीसी नहीं मिली तो वे सीईओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

## फोन पे का कर्मचारी बन ठगे नौ लाख

देहरादून (सं)। फोन पे का कर्मचारी बनकर नौ लाख रूपये ठग लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भोगपुर निवासी नीलम देवी ने रानीपोखरी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसको एक फोन आया तथा फोन करने वाले ने अपने आपको फोन पे का कर्मचारी बताते हुए उसको फोन पे का एक कोड भेजा। उसने जैसे ही वह कोड डाउनलोड किया तो उसके खाते से नौ लाख 72 हजार रूपये निकल गये। जिसके बाद उसको पता चला कि उसके साथ साईबर ठगी हो गयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## सू- दोकू क्र.15

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.14 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# भारत में जनसंख्या विस्फोट

अजय दीक्षित

भारत की जनसंख्या करीब 14०.8० करोड़ है और यह प्रत्येक मिनट बढ़ रही है, क्योंकि औसतन 3० बच्चे हरेक मिनट पर जन्म लेते हैं। चीन में यह औसत 1० रह गई है। संयुक्त राष्ट द्वारा जारी एक रपट के मुताबिक, भारत की आबादी 141 करोड़ से अधिक है और 2०23 में वह चीन को पार कर जाएगा। आबादी 142.9 करोड़ से अधिक होगी। चूंकि 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस था, लिहाजा ये आंकड़े हमें सचेत करते हैं। दुनिया की कुल ज़मीन का मात्र 2 फीसदी ही भारत के हिस्से में है। पानी सिर्फ 4 फीसदी उपलब्ध है, लेकिन आबादी 18 फीसदी से ज्यादा है। एक दौर ऐसा आ सकता है, जब एक-एक इंच जमीन, एक बाल्टी पानी, स्वच्छ घी, दूध, फल-सब्जी आदि के लिए भारत में मार-काट के हालात बन सकते हैं ! भारत में जनसंख्या असन्तुलन के मद्देनजर अव्यवस्था और अराजकता के लिए विशेषज्ञ लगातार चेतावनी देते रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री समेत लगभग सभी बड़े राजनेता आज भी 125-13० करोड़ की आबादी पर ही अटके हैं। कुछ अपडेट मुख्यमंत्री और नेता 135 करोड़ आबादी का उल्लेख करते रहे हैं। किसी को यथार्थ की विस्फोटक स्थितियों की जानकारी ही नहीं है। ऐसे में देश के सबसे बड़े और अधिकतम आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चिंता जताते हैं कि एक वर्ग विशेष की आबादी तेज गति से बढ़नी नहीं चाहिये। और मूल निवासियों की जनसंख्या लगातार घटनी नहीं चाहिये, तो उन पर हिंदू-मुसलमान के आरोपों की बौछार शुरू हो जाती है। आरएसएस और भाजपा का जनसंख्या सम्बन्धी एजेण्डा याद आने लगता है। मुख्यमंत्री योगी ने हमारी जनसंख्या की हकीकत बयां की है। यह उत्तर प्रदेश ही नहीं, पूरे देश की ऐसी समस्या है, जो देश के औसत नागरिक का स्वास्थ्य, शिक्षा, रोज़गार, स्वच्छ पर्यावरण और पोषण आदि को छीन सकती है। इस दौरान टीवी चैनलों पर एक दृश्य दिखाया जाता रहा कि उत्तर प्रदेश में ही एक पिता और दो माताओं की 19 संतानें हैं। पिता जर्जर काया है। गरीब लगता है, लेकिन बच्चों को भगवान का उपहार मान रहा है। यह परिवार कैसे गुजारा करता होगा, भोजन की व्यवस्था कैसे होती होगी, बच्चों की पढ़ाई और पोषण की स्थिति क्या है, सिर पर छत भी नहीं है। ऐसे असंख्य उदाहरण इस देश में होंगे। क्या उनके रहते जनसंख्या नियंत्रण के प्रयास किए जा सकते हैं ? यह भारत के जनसंख्या असन्तुलन और नियंत्रण के प्रति अज्ञानता, का एक वीभत्स उदाहरण भी है। इस समस्या से जागरूकता और प्रचार के स्तर पर ही निपटा नहीं जा सकता। भारत में जनसंख्या पर एक कड़ा कानून होना चाहिये। चीन को उदाहरण माना जा सकता है। यदि 1979 में चीन ने एक बच्चा नीति वाला कानून कड़ाई से लागू नहीं किया होता, तो आज चीन की आबादी 25० करोड़ से अधिक होती। आज चीन की आबादी की गति भारत से कम है। हालांकि हमारे यहां भी प्रजनन दर कम हुई है, मृत्यु दर भी कम हुई है, लेकिन औसत जिन्दगी की उम्र 7० साल से ज्यादा है। भारत में जनसंख्या विस्फोट की स्थिति अब नहीं है, लेकिन फिर भी आबादी बढ़ रही है और हमारे संसाधन सीमित हैं। संयुक्त राष्ट और वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के मुताबिक, दुनिया की आबादी फिलहाल 795.95 करोड़ से ज्यादा है, जो इसी साल के अंत या 2०23 के शुरू में 8०० करोड़ के पार जा सकती है। दुनिया में प्रति मिनट औसतन 27० बच्चों का जन्म हो रहा है। विश्व स्तर पर यह बढ़ोतरी मानवता के पक्ष में नहीं है। दरअसल भारत के सन्दर्भ में बढ़ती आबादी वर्ग विशेष के लिए भी खतरनाक है, क्योंकि वह अपेक्षाकृत अशिक्षित, गरीब, कुप्रथाओं में जकड़ा है। वह बच्चों को अपनी ताकत मानता रहा है, लेकिन पालन पोषण को लेकर मोहताज है। यदि एक वर्ग की आबादी बढ़ती रहे और दूसरी तरफ ईसाई, पारसी, जैन आदि अल्पसंख्यक समुदायों की आबादी की बढ़ोतरी नकारात्मक रहे, तो आबादी का ऐसा असंतुलन देशहित में नहीं है।

# पांच गुना रायल्टी काटे जाने से ठेकेदार आक्रोशित, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

संवाददाता

देहरादून। पांच गुना रायल्टी काटे जाने से ठेकेदारों में आक्रोश फैल गया। ठेकेदार कल्याण समिति ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर तीन दिन का समय दिया।

आज यहां देहरादून ठेकेदार कल्याण समिति के बैनर तले ठेकेदार जिला मुख्यालय में एकत्रित हुए जहां पर उन्होंने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं मे कार्यरत ठेकेदारों के देयक से पांच गुना रायल्टी काटे जाने के आदेश हुआ है जोकि ठेकेदारों के साथ अन्याय है तथा किसी भी हालत में तर्क संगत नहीं है जबकि ठेकेदारों के देयक से रायल्टी के रूप में 194 रूपये प्रति घनमीटर रायल्टी काटी जाती है तथा उस पर 25 प्रतिशत बीएमएफ अलग से तथा दो प्रतिशत कम्पोजिशन काटा जाता है जिसमें ठेकेदार को कोई आपत्ति नही है। परन्तु उक्त शासनादेश के कारण अब ठेकेदारों से पांच गुना अर्थदण्ड वर्तमान रायल्टी दर से काआ जायेगा जोकि अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस परिस्थित में ठेकेदारों के लिए कार्य करना सम्भव नहीं है जिस कारण पूरे प्रदेश में ठेकेदार आक्रोशित तथा आन्दोलनरत हैं। उन्होंने कहा कि उक्त शासनादेश को अविलम्ब निरस्त करते हुए ठेकेदारों के बिलों से काटे जाने वाली रायल्टी को पूर्ववत ही रखा जाये। यदि इस शासनादेश को निरस्त नहीं किया जाता है तो तीन दिन के बाद ठेकेदार कार्य बहिष्कार करने, तालाबंदी करने, कार्य रोकने और अनिश्चितकालीन धरना देने के लिए विवश हो जायेंगे।



# भगवान पारसनाथ के निर्वाण माह पर कार्यक्रम का आयोजन

नगर संवाददाता

देहरादून। जैन मिलन पारस देहरादून द्वारा श्री जैन मंदिर झंड़ा बाजार स्थित 150 वर्ष प्राचीन मूलनायक 1008 भगवान श्री पारसनाथ जी के निर्वाण माह उत्सव पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।



जैन मिलन पारस के मीडिया प्रभारी वीर अंकुर जैन ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निर्वाण उत्सव की तैयारी भव्य स्तर पर आयोजित कि गयी। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया जिसमे परम पूज्य गुरुदेव श्री 108 समर्पण सागर जी महाराज जी के मंगल आशीर्वाद पावन सान्निध्य में सुबह बोली द्वारा श्री जी की शांतिधारा का सौभाग्य वीर अनुभव जैन वीर वैभव जैन तेल वालो को मिला विधानचार्य संदीप जैन सजल द्वारा सुंदर संगीतमय पूजा पक्षाल किया गया संगीतकार मनीष सरगम भोपाल वालो ने सुंदर भजनों से सब श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया श्री पार्श्वनाथ प्रभु को 23 किलो का लड्डू बोली द्वारा मंदिर व्यवस्थापक नीरज जैन परिवार को प्राप्त हुआ इसके अलावा 123 एक किलो के लड्डू श्री जी को चढ़ाये गए। जैन मिलन पारस देहरादून के इस कार्यक्रम आयोजन की समाज के सभी वरिष्ठ जनों ने प्रशंसा की ओर आयोजको की पीठ थपथपाई संस्था के अध्यक्ष वीर नितिन जैन, मंत्री वीर सचिन जैन, कोषाध्यक्ष वीर विवेक जैन ,वीर अंकुर जैन,वीर विपिन जैन, वीर अमित जैन, वीर गौरव जैन, वीर वीरेश जैन, वीर अंकित जैन वीर पंकज जैन वीर अनुभव जैन, वीर वैभव जैन समाज के अध्यक्ष विनोद जैन महामंत्री राजेश जैन पंचायती भवन के अध्यक्ष सुनील जैन, अर्जुन जैन, आशीष जैन सहित पूरे जैन समाज के लोग उपस्थित रहे।

# आईकॉनिक स्थान कण्वाश्रम के जीर्णोद्धार की कवायद शुरु

संवाददाता



नई दिल्ली। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने जल शक्ति मंत्रालय के विशेष सचिव से मिलकर आईकॉनिक स्थान कण्वाश्रम के जीर्णोद्वार करने के लिए बैठक की। जिसमें विशेष सचिव ने निरीक्षण कर शीघ्र जिर्णोद्वार किये जाने का आश्वासन दिया।

आज यहां उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने दिल्ली में भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में विशेष सचिव अरुण बरोका के साथ कोटद्वार में कण्वाश्रम को स्वच्छ प्रतिष्ठित स्थान(आईकॉनिक) के रूप में विकसित किए जाने संबंधित विषय पर बातचीत की। इस सम्बन्ध में विशेष सचिव ने कण्वाश्रम का निरीक्षण कर कार्य योजना तैयार किए जाने एवं निर्माण कार्य को प्रारंभ करने हेतु विधानसभा अध्यक्ष को आश्वस्त किया।

वर्ष 2018 में स्वच्छ भारत मिशन के स्वच्छ प्रतिष्ठित स्थान (आईकॉनिक) के तीसरे चरण के तहत चिन्हित 10 नये स्थानों में से विधान सभा क्षेत्र कोटद्वार स्थित कण्वाश्रम को आईकॉनिक घोषित किया गया था। भारत सरकार द्वारा परिकल्पित परियोजना का समन्वय पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय (वर्तमान में जल शक्ति मंत्रालय) द्वारा राज्य सरकार के साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/निगमों के सीएसआर सहयोग से किये जाने का निर्णय लिया गया था। वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान लॉकडाउन के कारण प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित महत्वाकाक्षी परियोजना हेतु लिये गये निर्णयों पर मूर्त रूप में क्रियान्वयन नहीं होने के कारण चिन्हित स्वच्छ प्रतिष्ठित स्थान कण्वाश्रम का जीर्णोद्धार / विकसित करने का कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया।

कण्वाश्रम में मंदिर की ओर सुरक्षा दीवार मार्ग का निर्माण, सौंदर्यीकरण, मंदिर परिसर में अभिज्ञान शाकुंतलम में उल्लेखनीय प्रजाति के वृक्ष व वाटिकाओं का निर्माण, पार्किंग, शौचालय, सौर ऊर्जा लाइट, संग्रहालय, गैलरी, साइनेज सहित अन्य कार्य कराए जाने है।

# निर्माणाधीन मकान में चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने निर्माणाधीन मकान का ताला तोडकर वहां से हजारों रूपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुस्लिम बस्ती चांदचक बंजारावाला निवासी शहनवाज ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका बस्ती में मकान बन रहा है। गत रात्रि चोरो ने उसके निर्माणाधीन मकान का ताला तोडकर वहां से वायरिंग, खिडकी, पल्ले, पेंट आदि चोरी कर लिये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# तिरंगा विक्रय केन्द्र का उद्घाटन

देहरादून (संवाददाता)। हर घर तिरंगा अभियान के लिए तिरंगा विक्रय केन्द्र का उद्घाटन कर विनोद चमोली ने अपने विधानसभा क्षेत्र के लिए दस हजार रूपये के तिरंगे खरीदकर भेंट किये।आज यहां हर घर तिरंगा अभियान के निमित भाजपा महानगर कार्यालय में अध्यक्ष सीताराम भट्ट की अध्यक्षता व विधायक विनोद चमोली, श्रीमती सविता कपूर, मेयर सुनील उनियाल गामा,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य/ महानगर संयोजक सचिन गुप्ता, रत्न सिंह चौहान,अनंत सागर की गरिमामयी उपस्थिति के साथ तिरंगा विक्रय केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर धर्मपुर विधायक विनोद चमोली ने अपने विधानसभा क्षेत्र को 10,000 रूपये के तिरंगे खरीदकर भेंट किए।



# लघु व्यापार एसो. की जिला कार्यकारणी की बैठक आयोजित

नगर संवाददाता

हरिद्वार। रेडी पटरी के लघु व्यापारियों के सामूहिक संगठन लघु व्यापार एसो. की जिला कार्यकारिणी की बैठक बस स्टैंड इकाई में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने की, संचालन जिला अध्यक्ष राजेंद्र पाल और मनोज मंडल ने संयुक्त रूप से किया।



इस अवसर पर लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा देश के 75 नगर निगम के माध्यम से प्रधानमंत्री स्वनिधि उत्सव आयोजित किए जा रहे हैं वही हरिद्वार नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि महोत्सव आयोजित करने में हीला हवाली बरती जा रही है जोकि औचित्यपूर्ण नही है, जबकि हरिद्वार नगर निगम के माध्यम से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को जो 10- 10,000 के बैंक लोन दिए गए थे वह सभी बैंकों की आसान किस्तों के माध्यम से चुका दिए गए हैं और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में स्वनिधि महोत्सव के माध्यम से 20 से 50 हजार तक के बैंक लोन रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स को नगर निगम के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा यदि उत्तराखंड सरकार द्वारा उत्तराखंड राज्य के सभी नगर निगमों में 75 वें आजादी के अमृत महोत्सव को और बढ़ावा देते हुए प्रधानमंत्री स्वनिधि महोत्सव के माध्यम से रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को मुख्यधारा में लाकर राज्य सरकार के संरक्षण में प्रोत्साहित किया जाने के साथ आर्थिक रूप से लघु व्यापारियों की मदद किया जाना न्याय संगत होगा। बैठक में बस अड्डा इकाई अध्यक्ष लाल चंद गुप्ता, भोला यादव, विजय गुप्ता, रमेश कुमार, वीरेंद्र, प्रभात, सुबोध गुप्ता, सुमित, मोहनलाल, सचिन राजपूत, अनु कश्यप, श्रीमती आशा देवी, सुनीता चौहान, मंजू पाल, मुन्नी देवी, सुमित्रा देवी आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।



## एक नजर

# भाजपा सांसद मनोज तिवारी का ट्रैफिक पुलिस ने काटा 41000 रुपए का चालान

नई दिल्ली। बीजेपी सांसद मनोज तिवारी को 'हर घर तिरंगा' मोटरसाइकिल रैली के दौरान हेलमेट नहीं पहनना और बिना लाइसेंस वाहन चलाना भारी पड़ गया। मनोज तिवारी के पास पॉल्यूशन सार्टिफिकेट भी नहीं था और न ही बाइक की हाई सिक्युरिटी नम्बर प्लेट थी। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने उनपर कार्रवाई करते हुए कई जुर्माने लगाए हैं। वहीं, पूरे मामले पर खुद मनोज तिवारी ने ट्विटर पर कहा कि वह जुर्माने का भुगतान करेंगे। उन्होंने ट्वीट किया, आज, हेलमेट नहीं पहनने पर गहरा खेद है। मैं चालान का भुगतान करूंगा। आप सभी से निवेदन है कि बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन की सवारी नहीं करें। मनोज तिवारी पर बिना हेलमेट के बाइक चलाने के लिए 1 हजार रुपए, गाड़ी का पॉल्यूशन सार्टिफिकेट नहीं होने पर 10 हजार रुपए। बिना लाइसेंस बाइक चलाने पर 5 हजार रुपए। बाइक की हाई सिक्युरिटी नम्बर प्लेट नहीं होने पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। साथ ही बाइक मालिक पर 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने सांसद मनोज तिवारी के घर जाकर 41 हजार रुपए का चालान किया है।



# जाने माने बॉलीवुड अभिनेता मिथिलेश चतुर्वेदी का निधन

मुंबई। हिंदी सिनेमा से एक दुख भरी खबर सामने आ रही है। जानकारी के मुताबिक जाने माने बॉलीवुड एक्टर मिथिलेश चतुर्वेदी का निधन हो गया है। जानकारी के मुताबिक दिल से जुड़ी बीमारी के चलते उनका निधन हुआ और उन्होंने 03 अगस्त की शाम को लखनऊ में अंतिम सांस ली। मिथिलेश चतुर्वेदी के एक्टिंग करियर की बात करें तो उन्होंने कई बॉलीवुड फिल्मों में और नामी एक्टर्स संग काम किया। वो फिल्म फिजा, कोई मिल गया, सत्या, गदर: एक प्रेम कथा, बंटी और बबली, कृष, ताल, मोहल्ला अस्सी और रेडी जैसी फिल्मों में नजर आए थे। इसके अलावा उन्होंने वेब सीरीज स्कैम 1992: द हंसल मेहता स्टोरी में भी काम किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें एक वेब सीरिज में टल्ली जोड़ी मिली थी जिसमें उनके साथ मानिनी दे नजर आतीं।



# आठ अगस्त तक बढ़ाई गई संजय राउत की ईडी की हिरासत

मुंबई। पात्रा चॉल जमीन मामले में शिवसेना सांसद संजय राउत की ईडी की हिरासत को बढ़ाकर 8 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। ईडी ने गुरुवार को गिरफ्तार संजय राउत को पीएमएलए अदालत में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट द्वारा शिवसेना सांसद की हिरासत बढ़ाने के बाद संजय राउत के भाई सुनील रावत ने मीडिया से कहा, हमें न्यायपालिका पर भरोसा है। आज कोर्ट ने उन्हें (संजय राउत) 8 अगस्त तक ईडी की हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। संजय राउत बालासाहेब ठाकरे के सच्चे शिवसैनिक हैं, वे कभी कोई भ्रष्टाचार नहीं करेंगे। बीजेपी उनसे डरती है। बता दें कि रविवार की देर रात को संजय राउत को वित्तीय संपत्ति लेनदेन में कथित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उन्हें सोमवार को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया था जहां कोर्ट ने उन्हें 4 अगस्त तक ईडी की कस्टडी में भेजा था और आज हिरासत की अवधि खत्म हुई जिसके बाद अब कोर्ट ने उन्हें 8 अगस्त तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले ईडी ने कोर्ट से संजय राउत की 8 दिनों की रिमांड मांगी थी। एजेंसी ने अदालत को बताया था कि राउत और उनके परिवार को आवास पुनर्विकास परियोजना में कथित अनियमितताओं से एक करोड़ रुपये से अधिक का अवैध धन प्राप्त हुआ है।



# जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया गया आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिन

विशेष संवाददाता

हरिद्वार। पंतजलि योगपीठ में आज आचार्य बालकृष्ण के 51 वे जन्मदिवस को जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण जैसे कर्म योगियों ने देश और समाज के उत्थान के लिए योग और आयुर्वेद के क्षेत्र में असाधारण काम किया गया तथा किया जा रहा है उनकी व्याख्या कर पाना संभव नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मैं आचार्य बालकृष्ण को उनके जन्मदिन के अवसर पर उनकी दीर्घायु की कामना करते हुए इन कर्म योगियों को नमन करता हूं। उन्होंने आयुर्वेद को भारतीय चिकित्सा की सबसे पुरानी पद्धति बताते हुए कहा कि आदि काल से आयुर्वेद औषधियों का भारत में प्रचलन रहा है आयुर्वेदिक औषधियों में असाध्य से असाध्य रोगों को ठीक करने की सामर्थ्य शक्ति है, हमारे ग्रंथों में अनेक ऐसे उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि समाज के स्वास्थ्य और राष्ट्र के विकास में आयुर्वेद की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



## मुख्यमंत्री ने की रामदेव व बालकृष्ण के कामों की प्रशंसा

इस अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह के अलावा काबीना मंत्री सुबोध उनियाल, धन सिंह रावत, संजय गुप्ता, प्रेमचंद्र अग्रवाल सहित तमाम बड़े साधु-संत मौजूद थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर बालकृष्ण की एक पुस्तक का विमोचन किया जिसमें 5000 दुर्लभ जड़ी बूटियों के बारे में जानकारियां संग्रहित की गई है। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि आचार्य बालकृष्ण द्वारा जड़ी बूटियों के लिए जो अनुसंधान कार्य किए गए हैं वह अद्भुत हैं।

## बिजली के बिल गबन मामले में अधिशासी अभियंता सहित 4 निलम्बित

नगर संवाददाता

देहरादून। बिजली के बिल जमा करने के बजाय गबन कर दिये जाने के मामले में अधिशासी अभियंता सहित 4 लोगो को निलम्बित कर दिया गया है। साथ ही मुख्य अभियंता रुद्रपुर जोन कार्यालय से अटैच कर दिया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गबन का यह मामला रुद्रपुर द्वितीय डिवीजन के गदरपुर सब डिवीजन में हुआ है। बताया जा रहा है कि हाल ही में यहां सहायक लेखाधिकारी को भेजा गया था। जब उन्होंने अकाउंट की पड़ताल की, तो उन्हें बड़े स्तर पर खामियां मिली। जब गहन पड़ताल की गई तो पता चला कि यहां साल भर से भी अधिक समय से बिजली के बिल के रूप में जितना राजस्व जमा होना चाहिए था, वो नहीं हो रहा है। जब मामले की उच्च स्तर पर शिकायत की गई, तो पता चला कि बड़े स्तर पर बिजली के बिलों का पैसा ऊर्जा निगम के खाते में जमा ही नहीं हुआ था।

मामले की गम्भीरता को देखते हुए मुख्य अभियंता रुद्रपुर जोन ने सबसे पहले कैशियर पुष्पेंद्र शर्मा को निलंबित किया। इसके बाद मुख्यालय से अधिशासी अभियंता गोविंद सिंह कार्की, एसडीओ फरमान हैदर जैदी और सहायक अभियंता राजस्व संजय कुमार को निलंबित कर दिया गया।

## निर्माणाधीन कम्प्लैक्स से लाखों का सामान चोरी

संवाददाता

देहरादून। निर्माणाधीन कम्प्लैक्स से लाखों का सामान चोरी होने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बसंत विहार निवासी राजमोहन मल्होत्रा ने बसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका जीएमएस रोड पर एक कम्प्लैक्स बन रहा है। गत रात्रि चोरों ने उसके निर्माणाधीन कम्प्लैक्स से तारों के बंडल, ऐलुमिनियम वाल फैन, मोटर, नल व लोहे के पाईप चोरी कर लिये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## उत्तराखंड सरकार ने पेट्रोलियम पदार्थों पर वसूला 16576 करोड़ रुपये का टैक्स

हमारे संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड सरकार द्वारा पेट्रोलियम पदार्थों पर 16576 करोड़ रूपये का टैक्स वसूला गया है। इस बात का खुलासा राज्य कर मुख्यालय के लोक सूचना अधिकारी द्वारा उपलब्ध करायी गई सूचना से हुआ है। जैसे जैसे पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में वृद्धि होती है वैसे वैसे सरकार के टैक्स राजस्व में भी बढ़ोत्तरी होती है पेट्रोलियम पदार्थों पर वर्ष 2021-22 में 2007-08 के मुकाबले साढ़े चार गुना टैक्स मिला है।

काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट ने आयुक्त कर कार्यालय/वाणिज्य कर मुख्यालय से प्रदेश भर में पेट्रोलियम पदार्थों पर वसूले गये टैक्स राजस्व की धनराशियों की सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में राज्य कर मुख्यालय की लोक सूचना अधिकारी/उपायुक्त नीलम ध्यानी ने डिप्टी कमिश्नर (संख्या अनुभाग) दीपक बृजवाल द्वारा उपलब्ध कराये गये राजस्व आंकड़ों की प्रतियां उपलब्ध करायी है।

नदीम को उपलब्ध करायी गयी सूचना के अनुसार अप्रैल 2007 से मई 2022 तक पेट्रोलियम पदार्थों से उत्तराखंड सरकार ने 16576 करोड़ 48 लाख का टैक्स वसूला है इसमें 6916 करोड़ 10 लाख का टैक्स पेट्रोल से तथा 9289 करोड़ 32 लाख का टैक्स डीजल की बिक्री से वसूला गया है। उपलब्ध टैक्स आंकड़ों के अनुसार 2007-08 में पेट्रोलियम पदार्थों पर सरकार को केवल 414.9 करोड़ टैक्स मिला था जो 2018-19 में 285.62 प्रतिशत बढ़कर 1599.92 करोड़ हो गया, लेकिन कोरोना महामारी शुरू होने पर 2019-20 में इसमें 88.13 करोड़ की कमी होकर 1511.79 करोड़ ही रह गया। 2020-21 में यह 1517.7 करोड़ 2021-22 में 2007-08 में 352.15 प्रतिशत बढ़कर 1875.99 करोड़ तथा 2022-23 में मई 2022 तक 368.36 रूपये टैक्स मिला है।

## रक्षा बंधन पर बहनों को सरकारी बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा

देहरादून (सं)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रक्षा बंधन पर बहनों को सरकारी बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा देने का ऐलान किया। आज यहां सचिव अरविन्द सिंह हयांकी ने आदेश जारी करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर आगामी रक्षाबंधन पर बहनों को बडा तोहफा दिया है। उत्तरखण्ड परिवहन निगम द्वारा संचालित बसों में रक्षाबंधन के दिन महिलाओं को निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जायेगी।

## स्कूटी सवार युवकों ने महिला का पर्स लूटा

संवाददाता

देहरादून। स्कूटी सवार युवकों ने महिला का पर्स लूट लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चन्दर रोड नई बस्ती निवासी हूरजामा ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह बाजार से घर वापस जा रही थी जब वह वेल्हम गर्ल्स कालेज के पिछले गेट के पास पहुंची तभी एक स्कूटी मे सवार दो युवक उसके पास आये तथा उसके कंधे पर टंगा पर्स लूटकर भाग गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*